V 72/2021

Signature
Acc Name- Mamta Devi
Acc Code- Up14209104 Acc Address Sadar Tehsil, Fatehpur Mobile; 7275268[illegible]
License No., 12 Tehsil Sadar District Fatehpur

INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

सत्यमेव जयते

Certificate No.	:	IN-UP747849421148797
Certificate Issued Date	:	22-Sep-2021 03:37 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14209104/ FATEHPUR SADAR/ UP-FTP
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14209104381332069037447
Purchased by	:	S D EDUCATION AND CHARITABLE TRUST
Description of Document	:	Article 64 (A) Trust - Declaration of
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	DILIP KUMAR GUPTA SON OF DESHRAJ GUPTA
Second Party	:	S D EDUCATION AND CHARITABLE TRUST
Stamp Duty Paid By	:	S D EDUCATION AND CHARITABLE TRUST
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	850 (Eight Hundred And Fifty only)

Please write or type below this line

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ PRINCIPAL ★ Nawabagh Fatehpur (U.P.)
Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72563

0001138663

न्यास विलेख



एस0डी0 एजूकेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट

E Stamp IN-UP74784942114879T

अंतर्गत धारा–5 पठिता, धारा–6 सपठित धारा–3 इंडियन ट्रस्ट एक्ट 1882

➤ मैं कि दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री देशराज गुप्ता, निवासी–69, रामपुरम, 200 फीट मार्ग, श्याम नगर, कानपुर (उ0 प्र0) आधार संख्या xxxx xxxx 9384, पैन संख्या AGVPG5185D मो0 नं0–9616666656 विदित हो कि समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर जन–जीवन के उत्कर्ष एवं जनकल्याण के उद्देश्य से **एस0डी0 एजूकेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट** गठन आज दिनांक 22/09/2021 को कर रहा हूँ और इस ट्रस्ट डीड (न्यास विलेख) को निष्पादित कर रहा हूँ। जिसमें मैं अपनी पूंजी में से 11000.00 रु0 इस गठित ट्रस्ट को दान स्वरुप दे रहा हूँ। (स्टाम्प शुल्क 800.00 रु0)

इस ट्रस्ट के न्यासी निम्नलिखित व्यक्तियों की घोषणा करता हूँ:–

1– **मुख्य न्यासी:–** दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री देशराज गुप्ता, निवासी–69, रामपुरम, 200 फीट मार्ग, श्याम नगर, कानपुर।

2– वैष्णवी गुप्ता पुत्री श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता, निवासी–69, रामपुरम, 200 फीट मार्ग, श्याम नगर, कानपुर।

3– ट्रस्ट का पता – 7, कृष्ण बिहारी नगर, जिला–फतेहपुर (उ0प्र0)–212601

4– ट्रस्ट का गठन तिथि – दिनांक –22/09/2021

5– ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण भारत

6– ट्रस्ट का वर्ष – वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 31 मार्च।

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ PRINCIPAL ★ Nauwabagh Fatehpur (U.P.)

JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliation No. 2134501

सभी न्यासी (ट्रस्टी) के अधिकार व दायित्व:–

1– यह कि उक्त सभी न्यासी बिना किसी जोर दबाव के स्वच्छा से ट्रस्ट के ट्रस्टी होने हेतु ह्रदय से अपनी स्वीकृति दे दी है तथा इस डीड में अपने हस्ताक्षर भी स्वेच्छा से किया है।

2– यह सभी ट्रस्टी स्वेच्छा से वचनबद्ध हैं कि इस ट्रस्ट में अंकित उद्देश्यो को साकार करने व कराने के लिए मन, वचन तथा कर्म से समर्पित होकर सतत प्रयत्नशील रहेंगे तथा इस ट्रस्ट की वर्तमान चल व अचल सम्पत्ति का दुरुप्रयोग एवं हांनि न होने देगें। अपितु इस ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति में वृद्धि करने व कराने हेतु निरन्तर कार्यरत

3– यह कि सभी ट्रस्टी न्यास की चल व अचल सम्पत्ति को किसी भी प्रकार से व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने हेतु प्रयोग नहीं करेंगे।

4– यह कि मुख्य न्यासी भविष्य में अन्य व्यक्तियों को इस ट्रस्ट में न्यासी बना सकता है।

5– यह कि मुख्य न्यासी सभी न्यासियों के समक्ष भविष्य में अपने उत्तराधिकारियों की घोषणा करेगा।

6– यह कि मुख्य न्यासी के दिवंगत होने पर उसकी किसी भी ऐसी संतति को जो इस ट्रस्ट के प्रति समर्पित हो और उसके हृदय में जनता जनार्दन की सेवा करने की ललक हो, तो मुख्य न्यासी के उत्तराधिकारी ही मुख्य न्यासी बन सकता है।

- यह कि न्यास के लिए संम्पति क्रय करने एवं न्यास के लाभ हेतु न्यास की सम्पत्ति की बिक्री खरीद व रेहन व किरायानामा आदि विलख निष्पादित करने का अधिकार केवल मुख्य न्यासी का ही होगा एवं समस्त महत्वपूर्ण निर्णय जो न्यास के लाभ में हो, करने का अधिकार मुख्य न्यासी को ही होगा।

ट्रस्ट (न्यास) के उद्देश्यः–

सामान्यतः मनुष्य की मुख्य समस्याएं यथा–शिक्षा, निवास, भोजन, वस्त्र, पेयजल, चिकित्सा, पर्यावरण वैज्ञानिक प्रौद्यौगिकी, भारतीय संस्कृति, कृषि, विवाह, प्रकृति सृजित अथवा मनुष्य या समाज व शासन–प्रसाशन द्वारा निर्मित अथवा घटित आपदाओं से मुक्ति पाना हुआ करता है। यद्यपि शासन–प्रशासन द्वारा इन सभी समस्याओं के निस्तारण हेतु विविध प्रकार के साधन व सुविधायें उपलब्ध करायी जाती हैं, किन्तु भारतवर्ष के विशाल जन–समुदाय को देखते हुए ये किसी भी प्रकार से पर्याप्त नहीं हुआ करती। साथ ही इनकी पूर्ण जानकारी यथावत बनी रहती हैं। इन सभी समस्याओं का निराकरण वास्तव में जन सेवा की परिधि में ही आता है। अतएव इस ट्रस्ट का उद्देश्य उक्त समस्याओं का निराकरण करने व कराने हेतु यथा सम्भव प्रयास करना है–

- यह कि न्यास का मुख्य उद्देश्य एजुकेशनल एवं चैरिटेबल सेवाएं देने का है। जिसमें न्यास अस्पताल, विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण स्कूल, अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान, कला विद्यालय, विज्ञान विद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मैनेजमेंट संस्थान, डेन्टल कालेज, मेडिकल कालेज, पैरामेडिकल कालेज, टेक्निकल संस्थान, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, फैशन टेक्नोलोजी संस्थान और अन्य शैक्षणिक संस्थान और सभी अनुशासन के सभी स्तरों पर शिक्षा में उत्तम गुणवत्ता स्थापित करना।
- शिक्षा मानव में मानवीय गुणों का विकास कर राष्ट्र की मुख्य धारा से जोडने हेतु तथा सुखद व सम्मान पूर्ण मानव जीवन व्यतीत करने हेतु नर–नारी सभी को शिक्षित होना आवश्यक होता है। किन्तु धनाभाव व अन्य आवश्यक सुविधाओं के अभाव में आज भी बच्चे अशिक्षिति रह जाते हैं। उचित शिक्षा के अभाव में वे अपनी दैनिक जीवन की आवश्यक आवश्कताओं की पूर्ति नहीं कर पाते हैं। योग्य, मेधावी छात्र–छात्राओं को वांछित सहयोग व सुविधायें प्रदान कराना।
- सभी प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम को जनहित में संचालित करना व प्रचार–प्रसार करना।
- निर्धन व निराश्रित छात्र–छात्राओं को शिक्षा सम्बंधी वांक्षित सामग्री उपकरणों व वस्तुओं को उपलब्ध कराया जाना तथा उनकी शिक्षा शुल्क तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं, अनुदान छात्रवृत्ति आदि दिलाया जाना।

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ PRINCIPAL ★ Nawabagh Fatehpur (U.P.)
Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363

आवेदन सं०: 202100878015661

न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 72 वर्ष: 2021

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 850 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 500 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 560





श्री दिलीप कुमार गुप्ता ,
पुत्र श्री देशराज गुप्ता
व्यवसाय : अन्य
निवासी: 69,रामपुरम 200, फीट मार्ग श्याम नगर कानपुर

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 23/09/2021 एवं 01:53:26 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

एस० के० पाण्डेय
उप निबंधक :सदर
फतेहपुर
23/09/2021

रामआसरे यादव .
निबंधक लिपिक

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ Nawabagh Fatehpur (U.P.) ★ PRINCIPAL

JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363

- सभी स्तर की शिक्षाओं को दिलाये जाने हेतु छात्र–छात्राओं की योग्यता व क्षमता के अनुरुप उन्हें सम्बधित यथोचित मार्ग दर्शन व यथा सम्भव सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराया जाना।
- दैनिक उपयोगिता की दृस्टि से तद्नुरुप विविध प्रकार की तकनीकि शिक्षा की व्यवस्था कराना।
- छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रकार के ज्ञान व विज्ञान एवं संस्कार से विभूषित करने हेतु समय–समय पर तद्नुरुप सक्षम विद्वानों द्वारा प्रशिक्षित कराना तथा अध्ययन शिविर का आयोजन करना।
- बालकों एवं बालिकाओं को राष्ट्र की मुख्य धाराओं में जोडने हेतु विभिन्न प्रकार के तकनीकि, मेडिकल, व्यावसायिक, स्वास्थ्य, खेलकूद, विधि आदि सम्बन्धित शिक्षा संस्थानों (स्कूल, कालेज) की स्थापना करना एवं स्वास्थ्य मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तकालय व वाचनालय तथा सिनेमा आदि के द्वारा निःशुल्क स्वस्थ्य मनोरंजन की व्यवस्था करना।
- आश्रम पद्वति विद्यालयों के माध्यम से बालकों एवं बालिकाओं को शिक्षित करना।
- खादी एवं ग्रामोद्योग, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, यांत्रिक अविष्कारों का उन्नयन तथा ग्रामीण तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से सुधरी हुयी तकनीक का प्रचार व प्रसार करना, साथ ही आवासीय एवं अनावासीय विद्यालयों का संचालन/स्थापना करना।
- शिक्षा के विकास हेतु संस्कृत, देशी व अन्य प्रान्तीय भाओं हेतु स्कूलों व डिग्री कालेजों को स्थापित करके शिक्षण, प्रशिक्षण तथा योग शिक्षा, शिक्षण–प्रशिक्षण एवं उनमें विज्ञान व कम्प्यूटर आदि की नई तकनीकी शिक्षा का ज्ञान प्रदान करना।
- छात्र/छात्राओं/महिलाओं/पुरुषों को सिलाई, कढाई, बुनाई एवं शिल्प कला की शिक्षा दिलाकर उनमें स्वालम्बन की भावना जागृत करना एवं रोजगार उपलब्ध कराना तथा उनके आवास की व्यवस्था मुहैया कराना।
- संस्थानों के छात्रों के लाभ के लिए छात्रावास सुविधाओं की स्थापना, रखरखाव, सुधार और विस्तार करना।

स्वास्थ्य/चिकित्सा सम्बधी सुविधाः–

मानव जीवन बहुमूल्य है। आज बीमारियों के हृदय, लीवर, आँख अन्य सभी अंग मृत्योपरांत बेकार हो जाते हैं। यदि जीवनकाल में टेस्ट के माध्यम से मानव, अंगो को दान कराने के लिए टेस्ट कार्य करेगा ताकि अंगो के खराब होने से किसी की मृत्यु न हो।

वर्तमान समय में सामान्यतः मोतियाबिन्द, कैन्सर, कुष्ठ, दुर्घटना से प्राप्त अपंगता आदि ऐसे रोगों से मनुष्य त्रस्त है, जिससे छुटकारा पाना बहुत अधिक व्ययशील हुआ करता है। जो कि मध्यम स्तर के परिवारो की शक्ति के बाहर हो जाया करता है। अतः इन रोगों के कष्ट से मुक्ति दिलाने में अर्थाभाव का रोडा बनने से रोकने के लिये यह ट्रस्ट (न्यास) निम्न लिखित साधनों को उपयोगीः–

मोतियाबिन्द निवारण, कुष्ठ रोग, कैन्सर, एड्स, शुगर, सफेद दाग जैसे अन्य असाध्य रोगों से मुक्ति दिलाने हेतु जडी बूटियों से रिसर्च करके दवा तैयार करना व चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवाना।

दुर्घटनाओं में जख्मी व्यक्तियों के लिये वांछित उपचार हेतु शिविर का आयोजन।

JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363
PRINCIPAL
Principal

आवेदन सं०: 202100878015661

न्यास पत्र

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 72 वर्ष: 2021

प्रतिफल- 0 स्टाम्प शुल्क- 850 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 500 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 60 योग : 560





श्री दिलीप कुमार गुप्ता ,
पुत्र श्री देशराज गुप्ता
व्यवसाय : अन्य
निवासी: 69,रामपुरम 200, फीट मार्ग श्याम नगर कानपुर

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 23/09/2021 एवं 01:53:26 PM बजे निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

एस० के० पाण्डेय
उप निबंधक :सदर
फतेहपुर
23/09/2021

रामआसरे यादव .
निबंधक लिपिक

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ PRINCIPAL ★ Nawabagh Fatehpur (U.P.)

Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363

आवेदन सं०: 202100878015661

बही स०: 4 रजिस्ट्रेशन स०: 72 वर्ष: 2021

निष्पादन लेखपत्र बाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि व प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री दिलीप कुमार गुप्ता, पुत्र श्री देशराज गुप्ता



निवासी: 69,रामपुरम 200, फीट मार्ग श्याम नगर कानपुर

व्यवसाय: अन्य

ने निष्पादन स्वीकार किया। जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री अनूप सिंह, पुत्र श्री पाल सिंह



निवासी: 1060,हनुमानपुर,रामपु थरियाँव फतेहपुर

व्यवसाय: व्यापार

पहचानकर्ता : 2

श्री अमित गुप्ता, पुत्र श्री स्व०राम चन्द्र गुप्ता



निवासी: एल०आई० जी०,625 ,आवासविकास कालोनी

व्यवसाय: वकालत

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

ने की। प्रत्यक्षत:भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे निशानानुसार

लिए गए है।

टिप्पणी :

एस०के० पाण्डेय
उप निबंधक : सदर
फतेहपुर

रामआसरे यादव .
निबंधक लिपिक

JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ Nawabagh Fatehpur (U.P.) ★ PRINCIPAL

Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)

3– होमियोपैथिक चिकित्सा, एक्यूपंचर व एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति की व्यवस्था करना।

4– आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत चिकित्सा उपलब्ध करवाना।

5– आयुर्वेदिक पुस्तको/पत्रिकाओं से विविध प्रकार की चिकित्सा के लिए छोटे–छोटे नुस्खों एवं जडी बुटियों को संग्रहित कुस्के उनके द्वारा चिकित्सा कराने हेतु साधन उपलब्ध करना और प्रचार–प्रसार कराना व जडी बूटियों का पुरानी पद्धति द्वारा रिसर्च करना।

6– योग शिक्षा, व्यायामशालाओं व प्राकृतिक चिकित्सा के आरक्षण की व्यवस्था करना।

7– स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता को बनाये रखना तथा सामुदायिक/ ग्रामीण स्वच्छता के शौचालय के प्रयोग हेतु जागरुक करना तथा शौचालयों का निर्माण कराना।

8– मानव अंगो को दान कराने के लिए प्रेरित करना एवं दान कराना तथा दान लेने वाली संस्थाओं के सहायक के रुप में कार्य करना।

9– आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित करना व प्रसारित करना।

10– पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, वैकल्पिक ऊर्जा बायोगैस धुंआ रहित चूल्हा, बंजर भूमि, भूमि सुधार, वृक्षारोपण इत्यादि का प्रयास करना तथा पौधरोपण का कार्य करना। जलसंरक्षण को बढावा देने हेतु कार्य करना।

11– जनहित में चिकित्सालय, सचल चिकित्सालय, ब्लड बैंक, नेत्र शिविर, अनाथायल, छात्रावास, विधवा आश्रम, वृद्धा आश्रम, शिशुपालन गृह की स्थापना व संचालन।

6– दैहिक–दैविक, व भौतिक तापों व आपदाओं में तत्काल वांछित सहायता यथा सम्भव पहुँचाना।

7– उक्त सभी प्रकार की समस्याओं के निराकरण हेतु शासन–प्रशासन सरकारी तथा अन्य किसी भी शक्ति द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी करके उनसे जरुरतमंद व्यक्तियों को अवगत कराते हुए उन सुविधाओं को प्राप्त कराने में यथा सम्भव सहायता करना तथा सम्बन्धित जानकारी विभाग से सार्थक सहायत प्राप्त कराना।

8– यह कि यह ट्रस्ट शहरी एवं ग्रामीण गरीबों के सर्वागींण विकास एवं कल्याण सहित उनके नागरिक अधिकारों के संरक्षण हेतु यथा सम्भव पैरवी करेगी।

9– यह कि यह ट्रस्ट कार्यक्षेत्र के दलित/आदिवासी एवं वंचित वर्गो तथा संकटग्रस्त समुदायों के सर्वांगीण विकास एवं दशा सुधार हेतु-हर सम्भव प्रयास करेगी। साथ ही सामाजार्थिक से जुडे विभिन्न मुद्दों यथा–शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, जनसंख्या नियंत्रण, प्रजनन एवं विक्रय करना, हस्तशिल्प , प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन, मानवाधिकार संरक्षण उपभोक्ता/निवेशक कल्याण एवं संरक्षण, अल्पसंख्यक कल्याण, पशु एवं वन्य जीव संरक्षण एवं शान्ति सृजन इत्यादि पर केन्द्रित कार्यक्रमों का जनहित में क्रियान्वयन करेगी।

10– यह कि धनहीन योग्य उत्साही सुचरित्र व्यक्तियों को स्वावलम्बी बनाने हेतु यथा सम्भव विविध प्रकार की सहयोग दिया जाना।

JYOTI PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL Nawabganj Fatehpur (U.P.)

JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No.

12–उन्नतिशील कृषि के विकास हेतु गौशाला, जैविक खाद व समिति किस्म के बीज, कीट नाशक व नवीन सिंचाई पद्धति को विकसित कर लोगों तक पहुँचाना व उनको आत्म निर्भर बनाने का प्रयास करना।

13–इस ट्रस्ट (न्यास) के उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भूमि खरीदकर उन्हे प्लाटों के रुप में विकसित करके उनकी बिक्री किये जाने का कार्य करना।

14–इस ट्रस्ट डीड (न्यास विलेख) के उद्देश्यों की पूर्ति में सम्मिलित आर्थिक सहयोग जुटाने हेतु विभिन्न प्रकार के सहायतार्थ कार्यक्रम एवं योग शिक्षा कक्षाओं को आयोजित करना।

ट्रस्ट (न्यास) के कोष का प्रबन्धनः–

इस ट्रस्ट (न्यास) के कोष को ट्रस्ट के नाम से ही किसी राष्ट्रीयकृत या निजी क्षेत्र के बैंक में आवश्यतानुसार खाते खोलकर इस ट्रस्ट (न्यास) के मुख्य न्यासी द्वारा खाते का संचालन किया जायेगा। आवश्कता पड़ने पर अन्य न्यासी के संयुक्त हस्ताक्षर से खाते का संचालन मुख्य न्यासी द्वारा किया जायेगा। ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमो/गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक धनराशि का आहरण मुख्य न्यासी द्वारा एकल संयुक्त रुप से किया जायेगा।

ट्रस्ट (न्यास) का प्रबन्धनः–

1– वर्तमान समय में इस ट्रस्ट (न्यास) की मात्र11000.00 रु0 पूंजी है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई चल या अचल सम्पत्ति नहीं हैं। अतएव मेरे सहित सभी ट्रस्टीज एकमत होकर इस विलेख में अंकित उद्देश्यों में से किसी भी उद्देश्य के ऐसे प्रकल्प को चुनना होगा जिसमें धन कम से कम व्यय हो और उसमें सम्भावित वांछनीय धन की व्यवस्था सरलता से उक्त वर्णित आर्थिक स्रोतों से प्राप्त करना सम्भव प्रतीत और इस प्रकल्प से सम्बन्धित जनता को यथोचित अधिक से अधिक लाभ होने के साथ ही इस ट्रस्ट (न्यास) के प्रचार–प्रसार और ख्याति अधिकाधिक रुप में अधिक से अधिक क्षेत्रों में हो सके।

2– यह कि एक कार्य समिति का गठन किया जायेगा जिसमें मुख्य ट्रस्टी व सभी ट्रस्टीज, मुख्य ट्रस्टी द्वारा नामित सदस्य होगे। इनके अतिरिक्त जन कल्याण में रुचि रखने वाले व्यक्तियों का मनोनयन सभी ट्रस्टीज की पूर्ण सहमति से होगा। यह कार्य समिति इस ट्रस्ट द्वारा लिये गये प्रकल्पों से सम्बन्धित शासन–प्रशासन व सभी प्रकार की सरकारों के सक्षम अधिकारियों से सम्पर्क करके उनसे सम्बन्धित प्रकल्पों को सुविधा, सहयोग तथा अनुदान दिलाये जाने का प्रयास करेगी और सम्बन्धित सार गर्भित सूचनाओं का संग्रह भी करेगी। जिसमें वंचित जन–समुदाय तक उन्हें पहुँचा कर अधिकाधिक काम दिया जा सके। यह समिति अपने सभी कार्यो को अधिकाधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने प्रत्येक कार्य हेतु उपसमिति का गठन भी कर सकेगी एवं तद्नुरुप सभी प्रकल्पों की समितियों को मार्गदर्शन दिया करेगी।

इस ट्रस्ट (न्यास) द्वारा जो भी प्रकल्प लिये जायेगें उनमें से प्रत्येक प्रकल्प के संचालन हेतु कम से कम तीन–तीन व्यक्तियों की समिति उसी प्रकल्प के नाम से गठित की जायेगी, किन्तु इन प्रत्येक समिति व उप समिति के सदस्यों एवं उनके अध्यक्ष व संयोजक की नियुक्ति का पूर्ण अधिकार इस ट्रस्ट के मुख्य न्यासी का होगा। जिसमें कोई भी व्यक्ति हस्तक्षेप नहीं कर सकता। हाँ किसी के द्वारा दी गयी सलाह पर इस ट्रस्ट का मुख्य न्यासी स्वयं अथवा इस ट्रस्ट के सभी न्यासियों से विचार करके उचित निर्णय ले सकेगा। जिसका विरोध करने का किसी को भी अधिकार न होगा।

JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134...
School No. 72363
PRINCIPAL

4– इन समितियों व उप समितियों द्वारा लिये गये निर्णय इस ट्रस्ट के मुख्य न्यासी के लिखित अनुमोदन पर ही प्रभावी होगें। मुख्य न्यासी को इन समितियों अथवा उप समितियों द्वारा लिये गये निर्णय को निश्चित करने संशोधन करने और उसमें अपने मत की वृद्धि करने का अधिकार होगा। हाँ यह अवश्य है कि मुख्य न्यासी यदि आवश्यक समझता है तो इस ट्रस्ट के किसी भी न्यासी अथवा न्यासियों से सलाह ले सकता है।

5– समितियों तथा उप समितियों द्वारा सम्बन्धित प्रकल्पों के संचालन हेतु समस्त प्राप्तियों व व्यय का बोधगम्य ऐसा लेखा–जोखा रखना होगा जिसकी सामान्य रुप से सम्बन्धित बाउचर्स व रसीदों से अथवा दिये गये प्रमाण पत्रों से पुष्टि हो।

6– इस समितियों व उप समितियों के मार्ग दर्शन हेतु मुख्य ट्रस्टी सहित सभी ट्रस्टीज व सम्बन्धित समिति में लिये गये सदस्यों की सम्मिलित बैठक में उप नियम बनाये जायेगें जिसमें इन समितियों अथवा उप समितियों को अपने कार्य संचालन में सुविधा प्राप्त हो सके।

7– इन समितियों व उपसमितियों के आय–व्यय सम्बन्धी लेखा पुस्तकों का आडिट इस ट्रस्ट का मुख्य न्यासी करेगा अथवा उसके निर्देशन में इस ट्रस्ट का कोई भी ट्रस्टी करेगा अथवा आवश्यकता पड़ने पर मुख्य न्यासी के निर्देशानुसार किसी भी अधिकृत चार्टर्ड एकाउन्टेट से कराया जायेगा।

8– इस समितियों द्वारा लिये प्रकल्पों का खाता किसी भी बैंक में इस ट्रस्ट के नाम से ही खोला जायेगा जिसका संचालन इस ट्रस्ट डीड के (न्यास विलेख) में वर्णित विधि से ही होगा।

9– इस सभी समितियों व उप समितियों के सभी प्रकार के कार्यो का निरीक्षण उनकी त्रुटियों के पाये जाने पर उन्हें संशोधित करने का निर्देश उनकी कार्य विधियो को और भी अधिक प्रभावी बनाने हेतु मार्ग दर्शन तथा प्रत्येक समिति की लेखा पुस्तको की जाँच और उनके रोकड़ की स्थिति आदि का निरीक्षण इस ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अथवा कोई भी ट्रस्टी समय–समय पर करेगा और अपनी आख्या विचारार्थ ट्रस्टीज की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु मुख्य ट्रस्टी को शीघ्रातिशीघ्र देगा।

10– इन सभी समितियों को अपने–अपने प्रकल्पों की बचत में दिन–प्रतिदिन के कार्यो के संचालन हेतु आवश्यक धन को छोडकर शेष धन को मुख्य ट्रस्टी के निर्देशन में ट्रस्ट के बैंक खाते में शीघ्रताशीघ्र जमा करना होगा जिसे मुख्य ट्रस्टी अपने ट्रस्टियों की आम सहमति से किसी भी प्रकल्प में अथवा आय के स्रोत बढ़ाने में खर्च कर सकेगा।

11– इन सभी समितियों को अपनी आय–व्यय की पंजिका को अपने कार्यालय में ही रखना होगा और आर्थिक व्यवस्था की हस्ताक्षर द्वारा सत्यापित अपने–अपने वार्षिक चिठ्ठे की नकल ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय के उपरोक्त पते में वर्ष समाप्त होने के 15 दिन के भीतर भेजना होगा।

12– इस ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय का दायित्य है कि सभी समितियों से उनके चिठ्ठे को प्राप्त कर इस ट्रस्ट का वार्षिक चिठ्ठा व उनके कार्यो का विवरण तथा उनकी आवश्कताओं को एकत्रित करना होगा। जिससे वह उन्हें ट्रस्टी को ट्रस्टीज की बैठक में रखकर तद्नुरुप प्रत्येक समिति हेतु बजट बनवा व उनकी समस्याओं का निराकरण करके उनकी आवश्यकताओ की पूर्ति करा सके।

13– इस ट्रस्ट की किसी भी समिति के किसी सदस्य/कार्यकर्ता की नियुक्ति करने एवं हटाने सहित उसके स्थान पर दूसरे सदस्य की नियुक्ति करने का अधिकार मुख्य ट्रस्टी को होगा। न्यास से संबंधित सभी दस्तावेजो अनुबन्धों एवं समझौता पत्रों आदि पर ट्रस्ट

JYOTI PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL Nawabganj Farenda (U.P.)
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363

की ओर से हस्ताक्षर करने को अधिकार मुख्य ट्रस्टी को होगा या फिर ट्रस्टी द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को होगा।

14– मुख्य ट्रस्टी चल रहे किसी भी प्रकल्प व उसकी समिति या उसकी उप समिति को स्थगित अथवा निरस्त कर सकता है तथा आवश्कतानुसार किसी नये प्रकल्प को अपनाकर उसके संचालन हेतु समिति का गठन कर सकेगा।

15– ट्रस्ट की सभी प्रकार की गतिविधियों में आवश्यक अनुशासन बनाये रखने हेतु वांछित विभिन्न प्रकार के संसाधनों व प्रक्रिया को यह ट्रस्ट किसी भी समय अपना सकता है।

इस ट्रस्ट डीड (न्यास विलेख) में वर्णित सभी प्राविधान व दायित्वों, कर्तव्यों व अधिकारों के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों के लिए इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 में दिये गये सभी प्राविधान लागू होंगे।

दिनांकः 23.09.2021

1. हस्ताक्षर मुख्य न्यासी

साक्षीगण

1. अनूप सिंह पुत्र पाल सिंह
निवासी– 1060, हनुमानपुर,
रामपुर, थरियांव,
जनपद–फतेहपुर – 212601
मो0 नं0– 9616666656



2. अमित गुप्ता पुत्र स्व0 रामचन्द्र गुप्ता
निवासी– एल0आई0जी0, 625,
आवास विकास कालोनी,
जनपद–फतेहपुर–212601
मो0 नं0– 9838501990



JYOTI PUBLIC SCHOOL ★ PRINCIPAL ★ Nawabganj Fatehpur (U.P.)

Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363

ड्राफ्टेड बाई
23/09/2021
अरविन्द कुमार अग्रहरि
एडवोकेट
रजि0 नं0 – 42/2004
मो0 नं0 9554054590
सदर, तहसील – फतेहपुर

आवेदन सं०: 202100878015661

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 193 के पृष्ठ 1 से 16 तक क्रमांक 72 पर दिनाँक 23/09/2021 को रजिस्ट्रीकृत किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

एस० के० पाण्डेय
उप निबंधक : सदर
फतेहपुर
23/09/2021

JYOTI PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
Nawabganj Fatehpur

Principal
JYOTI PUBLIC SCHOOL (10+2) FATEHPUR
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
Affiliation No. 2134501
School No. 72363